**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1283**

(शुक्रवार, 9 फरवरी, 2018/20 माघ, 1939 (शक) को दिया गया)

**सीएसआर के अंतर्गत खेलकूद**

**1283. श्री गणेश सिंहः**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कंपनियों द्वारा कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के एक भाग के रूप में खेलकूद कार्यकलापों पर कुल व्यय 2014-15 और 2015-16 में क्रमशः 53.34 करोड़ रुपये और 133.39 करोड़ रुपये था और यदि हां, तो तत्संबंधी मध्य प्रदेश में सतना जिला सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) वित्त वर्ष 2016-17 और 2017-18 के दौरान कंपनियों द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत खेलकूद के विकास और प्रोत्साहन हेतु कंपनी-वार अंशदान का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विधि और न्याय एवं कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. पी. चौधरी)**

(क) वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 के लिए एमसीए21 रजिस्ट्री में कम्पनियों द्वारा 30.11.2017 तक की गई फाइलिंग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार ऐसी कंपनियों द्वारा कारपोरेट सामाजिक दायित्व पर कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की अनुसूची VII के अन्तर्गत 'खेलों को बढ़ावा' शीर्ष के अधीन क्रमशः 53.36 करोड़ रुपये और 134.76 करोड़ रुपये खर्च किए गए। वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 के दौरान खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य/संघ शासित क्षेत्र वार किया गया सीएसआर व्यय अनुलग्नक में दिया गया है जिसमें मध्य प्रदेश राज्य में खर्च की गई राशि भी शामिल है।

वर्ष 2014-15 में मध्य प्रदेश के सतना जिले में खेलों के लिए कोई राशि खर्च नहीं की गई, वर्ष 2015-16 के लिए 7.99 लाख रुपये की राशि खर्च की गई।

(ख) वित्तीय वर्ष 2016-17 (30.11.2017 तक की गई फाइलिंग के अनुसार) के लिए अधिनियम की अनुसूची VII के अन्तर्गत खेलों के विकास और प्रोत्साहन पर कम्पनियों द्वारा दिया गया अंशदान 51.73 करोड़ रुपये है। कम्पनियों द्वारा वर्ष 2017-18 का वार्षिक वित्तीय विवरण फाइल करना अभी अपेक्षित नहीं है।

*****

**अनुलग्नक**

## लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1283 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

## वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 में खेलों पर किया गया राज्य/संघ क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय

| सीएसआर व्यय (लाख रुपये में) | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ शासित क्षेत्र | 2014-15 | 2015-16 |
| 1 | अंडमान एवं नीकोबार द्वीप समूह | 0.00 | 0.00 |
| 2 | आन्ध्र प्रदेश | 33.36 | 270.57 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0.56 | 0.43 |
| 4 | असम | 3.65 | 4.65 |
| 5 | बिहार | 0.00 | 26.00 |
| 6 | चंडीगढ़ | 7.83 | 2.65 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 192.36 | 23.75 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली | 0.00 | 0.30 |
| 9 | दमन एवं दीव | 0.00 | 0.00 |
| 10 | दिल्ली | 297.53 | 382.33 |
| 11 | गोवा | 6.00 | 75.22 |
| 12 | गुजरात | 19.12 | 269.29 |
| 13 | हरियाणा | 117.86 | 279.99 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 24.26 | 34.98 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 0.00 | 0.00 |
| 16 | झारखंड | 41.72 | 40.99 |
| 17 | कर्नाटक | 321.74 | 1143.95 |
| 18 | केरल | 34.68 | 53.76 |
| 19 | लक्ष्यद्वीप | 0.00 | 12.20 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 31.87 | 59.88 |
| 21 | महाराष्ट्र | 275.42 | 1355.42 |
| 22 | मणिपुर | 0.00 | 99.21 |
| 23 | मेघालय | 0.00 | 0.00 |
| 24 | मिजोरम | 0.00 | 0.00 |
| 25 | नागालैंड | 0.00 | 0.00 |
| 26 | ओडीशा | 909.19 | 818.06 |
| 27 | पुदुचेरी | 0.00 | 0.00 |
| 28 | पंजाब | 33.50 | 1.92 |
| 29 | राजस्थान | 104.66 | 37.89 |
| 30 | सिक्किम | 0.00 | 1.00 |
| 31 | तमिलनाडु | 41.87 | 982.00 |
| 32 | तेलंगाना | 3.50 | 62.32 |
| 33 | त्रिपुरा | 0.79 | 1.07 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 50.57 | 133.61 |
| 35 | उत्तराखंड | 0.00 | 0.00 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 147.67 | 136.95 |
| 37 | समस्त भारत* | 2636.03 | 7165.80 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **कुल योग** | **5,335.75** | **13,476.19** |

*कंपनियों ने या तो राज्यों का नाम नहीं बताया है या एक से अधिक राज्य का उल्लेख किया है जहां परियोजनाएं शुरू की गईं।

*****